**श्री सुशांत गौरव (भा0प्र0से0) उपायुक्त, गुमला की अध्यक्षता में दिनांक 29.03.2022 को समाहरणालय, गुमला स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिला खनन फाउण्डेशन ट्रस्ट DMFT की प्रबंधकीय समिति एवं न्यास परिषद के बैठक की कार्यवाहीः–**

उपस्थितिः– आरक्षी अधीक्षक, गुमला,
उप विकास आयुक्त, गुमला,
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला,
सिविल सर्जन, गुमला,
जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला,
सहायक खनन पदाधिकारी, गुमला,
जिला पंचायत राज पदाधिकारी, गुमला,
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला,
कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला,
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला,
कार्यपालक अभियंता, ग्रा0वि0वि0, ग्रामीण कार्य मामले (कार्य प्रमण्डल) गुमला,
कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गुमला,
जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला,
अध्यक्ष, झारखण्ड स्मॉल इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन,
सर्वश्री, हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज, लोहरदगा,
मे0 महेश्वरी इण्डस्ट्रीज, गुमला।

दिनांक 19.01.2022 को समाहरणालय, गुमला में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) की प्रबंधकीय समिति एवं न्यास परिषद की संपन्न बैठक में अनुमोदित योजनाओं में से संचालित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

1. कृषि के क्षेत्र में Cropping Intensity बढ़ाने एवं Crop Diversification/cropping pattern improve करने, पुरानी योजना का जीर्णोद्धार एवं नई योजनाओं के चयन, High Value Seed, Market Development, सिंचाई सुविधाओं को बढ़ावा देने एवं वर्तमान में चल रही सिंचाई योजनाओं को सोलर सिंचाई में परिवर्तन करने, River Rejuvenation एवं नई योजनाओं के कार्यान्वयन करने, Supplimentary Income के तहत Sericulture, Fishery, Animal Husbandary से संबंधित प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसकी प्रस्तावित आकलित राशि लगभग **22.07** करोड़ है।
2. खनन कार्यो से सड़क सुरक्षा काफी प्रभावित होती है। खनन क्षेत्र एवं परिवहन मार्ग में सड़क सुरक्षा को दुरूस्त करने हेतु प्राथमिकता के आधार पर महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे खनन क्षेत्रों के चेकपोस्ट, शहर के संवेदनशील क्षेत्र, बाजारों, Peri Urban (ग्रामीण–शहरी सीमावर्ती) क्षेत्रों, ग्रामीण हाट एवं शहरी हाट बाजार, अस्पतालों, स्कूल एवं कॉलेजों, प्रशिक्षण केन्द्रों, बैंकों, High Risk Road Accident Zones जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में HDR-4K के उपकरणों की CCTV स्थापना, Solar Street Light/ High Mast Light/ Roof Top Solar System आदि के अधिष्ठापन की योजनाओं के माध्यम से विधि व्यवस्था संधारित करने, स्टेडियम परिसर के चारो ओर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने एवं बच्चों की पढ़ाई हेतु योजनाओं को कार्यान्वित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसकी प्रस्तावित आकलित राशि लगभग **12.98** करोड़ है।
3. गुमला जिले को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवा आबादी के बीच स्वास्थ्य, खेल और फिटनेस के माहौल में सुधार करने से संबंधित विभिन्न कार्य (Sports Development) का प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसकी प्रस्तावित आकलित राशि लगभग **9.08** करोड़ है।

4. प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य, शिक्षा के मापकों के सुधार करने, पुस्तकालय, विज्ञान केन्द्र और इस तरह के अन्य शैक्षिक, मनोरंजक और वैज्ञानिक स्वभाव बढ़ाने वाली संस्था का नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसकी प्रस्तावित आकलित राशि लगभग **14.6** करोड़ है।

5. कौशल विकास हेतु Introduction and Adoption of cutting edge Technology यथा Solar Panel एवं Light की मरम्मति, मोबाईल–टैबलेट की मरम्मति, Flex Desigining and Printing, Senior Citizens, Cyber Security, वनोत्पाद, परंपरागत हस्तशिल्प एवं स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने हेतु कौशल विकास एवं मूल्य संवर्द्धन की विभिन्न योजनाओं यथा संबंधित उत्पाद के Collection, Procurement, Processing, Packaging, Branding, Marketing इत्यादि के प्रस्ताव, पलायन को कम करने हेतु, आय में वृद्धि हेतु क्षमतावर्धन जैसे जरूरी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसकी प्रस्तावित आकलित राशि लगभग **11.34** करोड़ है।

6. खनन कार्यों से प्रभावित सड़क दुर्घटना या श्वास संबंधित बीमारी या स्नायु तंत्र से संबंधित बीमार व्यक्तियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करने एवं KAYAKALP व LaQshay जैसे Health Standards के आलोक में Critical Gaps को भरने हेतु जिला में विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्र जैसे कि कुपोषण उपचार केन्द्र के बुनियादी ढांचे और क्षमता में सुधार करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसकी प्रस्तावित आकलित राशि लगभग **15.7** करोड़ है।

7. खनन क्षेत्र से प्रभावित लोग विभिन्न संस्थागत भवनों में सर्विस डिलिवरी लेने हेतु लगातार आते रहते हैं। भवन जैसे कि बाल संप्रेषण गृह, न्यायालय क्षेत्र, बार एसोसिएशन भवन के इर्द–गिर्द विभिन्न विभागों के भवन, नियंत्रण कक्ष, गोपनीय कार्यालय, परिसदन, फॉरेस्ट चेकनाका आदि। खनन कार्यो से प्रभावित जनता को बुनियादी सुविधा प्रदान करने हेतु संस्थागत भवनों में निर्माण एवं मरम्मति के कार्यो के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसकी प्रस्तावित आकलित राशि लगभग **8.08** करोड़ है।

8. PVTG बस्तियों के एकीकृत विकास के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसकी प्रस्तावित आकलित राशि लगभग **9.53** करोड़ है।

9. Monitoring हेतु Contigency Fund से दो वाहन रखने का प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

10. महिला एवं बाल विकास के तहत बाल विवाह, बाल एवं महिला तस्करी, बाल श्रम के रोकथाम एवं पुनर्वास, नशामुक्ति से संबंधित प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसकी प्रस्तावित आकलित राशि लगभग **3.25** करोड़ है।

11. गुमला जिले के विभिन्न प्रखण्डों में स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र एवं आस–पास के 500मी0 परिधि अंतर्गत Direct Impact Area तथा खनन क्षेत्र से ढुलाई एवं परिवहन मार्ग अंतर्गत 200मी0 परिधि के Indirect Impact Area में योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इस प्रकार 10 Major Theme पर विभिन्न कार्यो जिसकी प्रस्तावित आकलित राशि लगभग **107.63** करोड़ है को वितीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 हेतु किया गया। इसके कार्यान्वयन हेतु राशि की शीघ्र मांग की जाय।

इन विभिन्न मेगा प्लान के तहत् समय–समय पर प्रस्तावित Micro Plans जो इस Theme को Primary रूप से अथवा Secondary रूप से Administration एवं नागरिकों के हित में हो ऐसे भविष्य के प्रस्तावों पर भी सहमति दी गई।

इन मेगा योजनाओं अथवा प्रस्तावित Micro Plans के तहत विभिन्न योजनाओं को DMFT की प्रबंधकीय समिति एवं न्यास परिषद द्वारा पारित किया गया। तदोपरांत निर्णय लिया गया कि यदि पूर्व में SCA/ACA के द्वारा उक्त योजना पारित की गई हैं तो उस राशि का SCA/ACA मद में समायोजन किए जाने पर सभी के द्वारा सहमति प्रदान की गई।

29/3/22

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विकास शाखा,
गुमला।

29/3/2022

उप विकास आयुक्त–सह–
सदस्य सचिव, DMFT
गुमला।

29.03.22

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT गुमला।

ज्ञापांक 299(ii) वि0शा0, गुमला, दिनांक 31/03/2022

प्रतिलिपिः– आरक्षी अधीक्षक, गुमला/सिविल सर्जन, गुमला/जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला/सहायक खनन पदाधिकारी, गुमला को सूचनार्थ प्रेषित।

29.03.22

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT गुमला।